# अनुच्छेद लेखन

## 8. सफ़ाई अभियान का उद्देश्य

पर्यावरण प्रदूषण की बातें हम सभी करते हैं, परंतु हम कभी दैनिक जीवन की छोटी-छोटी आदतों को सुधार नहीं पाते। अकसर हम सड़कों पर थैली, कागज़, कचरा आदि डालते हैं, जो प्रदूषण का कारण बनता है। हम सभी अपने घर में सफ़ाई का ध्यान रखते हैं। हमें पता होता है कि कचरे को कहाँ डालना है, परंतु घर से बाहर निकलते ही सारे नियम भूल जाते हैं। घर के पानी को सदा ढककर रखते हैं, परंतु पानी देने वाली नदी, नहर आदि में कचरा डालने में परहेज नहीं करते। वस्तुत: सफ़ाई अभियान तभी सफल हो सकते हैं, जब हमारी सोच में बदलाव हो। हम घर व बाहर के अंतर को खत्म कर सकें। हमें अपनी जीवन-शैली में बदलाव लाना होगा। गंदगी केवल दूषित पर्यावरण तथा रुग्ण समाज व लोग ही पैदा करेगी। हम भावी पीढ़ियों के प्रति जवाबदेह हैं। अत: हमें इस सफ़ाई अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान अवश्य देना चाहिए।

OPPO F15 · ©Shot By S.K.R



अध्याय
चौदह

# विराम-चिह्न

Punctuation

विराम शब्द का अर्थ है- रुकना या ठहरना। जब हम अपनी बात कहते हैं तो उसमें कई बार रुकते हैं तथा कभी-कभी किसी बात पर बल देते हैं। इस प्रकार हम अपने विचारों या भावों को दूसरों के आगे अधिक बेहतर रूप से स्पष्ट कर सकते हैं।

लिखित भाषा में हम अपने विचारों या भावों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने के लिए संकेत-चिह्नों का प्रयोग करते हैं। ये संकेत-चिह्न ही विराम-चिह्न कहलाते हैं।

वाक्य बोलते समय या लिखते समय विराम को प्रकट करने वाले चिह्नों को विराम-चिह्न कहते हैं।

## कुछ प्रमुख विराम-चिह्न

1. **पूर्ण विराम ( । )** – पूर्ण विराम वाक्य के अंत या समाप्ति पर लगाया जाता है। **जैसे-** माँ गाना सुन रही हैं यह मेरी कार है। आदि।

OPPO F15 - ©Shot By S.K.R
20/11/25 08:20

2. **अल्प विराम ( , )** – बोलते या पढ़ते समय जब हम थोड़ा रुकते हैं तो अल्प विराम का प्रयोग करते हैं।

## कुछ प्रमुख विराम-चिह्न

1. **पूर्ण विराम ( । )** - पूर्ण विराम वाक्य के अंत या समाप्ति पर लगाया जाता है। **जैसे-** माँ गाना सुन रही हैं। यह मेरी कार है। आदि।

2. **अल्प विराम ( , )** - बोलते या पढ़ते समय जब हम थोड़ा रुकते हैं तो अल्प विराम का प्रयोग करते हैं। एक ही प्रकार के दो या दो से अधिक शब्दों के बीच भी अल्प विराम का प्रयोग किया जाता है। **जैसे-**

- मानसी, तपस्या, भक्ति और श्रद्धा ने नृत्य में भाग लिया।
- उसे राजमा, छोले, पनीर और चावल बहुत पसंद हैं।

3. **अर्ध विराम ( ; )** - जहाँ अल्प विराम की अपेक्षा कुछ अधिक देर के लिए रुकना पड़े, वहाँ अर्ध विराम का प्रयोग किया जाता है। **जैसे-**

- सवेरा हुआ; पक्षी चहचहाने लगे।

4. **प्रश्नवाचक चिह्न ( ? )** - जिन वाक्यों में प्रश्न पूछा जाता है, उनके अंत में प्रश्नवाचक चिह्न लगता है। **जैसे-**

- तुम स्कूल कब जाओगे?
- बाहर कौन खड़ा है?

5. **विस्मयादिबोधक चिह्न ( ! )** - खुशी, दुख, विस्मय, हर्ष, शोक आदि भावों को प्रकट करने के लिए विस्मयादिबोधक चिह्न का प्रयोग करते हैं। **जैसे-**

- वाह! हम मैच जीत गए।
- बाप रे! इतना लंबा साँप।

©Shot By S.K.R

6. **कोष्ठक (( ))** - किसी शब्द के अर्थ को स्पष्ट करने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है। जैसे - उच्चारण (बोलना) जीभ और कंठ से होता है।

7. **योजक (-)** - इसका प्रयोग दो शब्दों में संबंध प्रकट करने के लिए और युग्म शब्दों के मध्य किया जाता है। **जैसे-**

- दिन–रात
- माता–पिता
- पति–पत्नी आदि।